ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र

डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा

सं0 125 /ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र   दिनांक 04/10/2023

निविदा सूचना

ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढ़ोली प्रांगण में अवस्थित ढोली कोठी प्रक्षेत्र के सेक्टर–सी0 एवं उद्यान नर्सरी में अवस्थित नारियल, गागर नींबू एवं आँवला वृक्षों के फलों के लिए निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध विहित प्रपत्र पर दिनांक 13.10.2023 के 5:00 बजे अपराह्न तक निबंधित डाक द्वारा प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदा दिनांक 17.10.2023 को 11:00 बजें पूर्वाह्न में समिति के सदस्यों के समक्ष ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र के कार्यालय में खुलेगा।

निविदादाताओं को सभी बगानों के फलों के लिए 2000.00 (दो हजार रूपया) मात्र का बैंक ड्राफ्ट **निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र, ढ़ोली** के नाम से जमानत राशि के रूप में निविदा विपत्र के साथ जमा करना होगा, जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ढ़ोली में देय होगा। निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदा की 75 प्रतिशत बिक्रय राशि 24 घंटे के अन्दर जमा करना होगा, तथा शेष राशि 6 नवम्बर के पूर्व जमा करना होगा, अन्यथा जमा की गयी राशि जब्त कर निविदा रद् कर दी जायेगी।

सफल निविदादाताओं को छोड़ कर शेष निविदादाताओं को निविदा समाप्ति के तुरंत बाद बैंक ड्राप्ट वापस कर दिया जायेगा।

समिति को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस (05.10.2023 से 13.10.2023) तक प्राप्त किया जा सकता है। इसकी सूची ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र के सूचना पट्ट एवं विश्वविद्यालय बेवसाइट पर दर्शायी गयी है, साथ ही एक प्रति कार्यालय में उपलब्ध हैं।

पूर्णरूप से भरी हुई निविदा विपत्र जमानत की राशि बैंक ड्राप्ट के साथ मुहरबन्द लिफाफा में भरकर सिर्फ निबंधित डाक द्वारा **नोडल पदाधिकारी, ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढ़ोली, मुजफ्फरपुर** के नाम से दिनांक 13.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक निश्चित रूप से पहुँच जाना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद निविदा पत्र को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार के प्राकृतिक आपदा के लिए प्रक्षेत्र जिम्मेवार नही होगा तथा बागो की सुरक्षा एवं रख–रखाव की जिम्मेवारी सफल निविदादाताओं की होगी।

04/10/2023

नोडल पदाधिकारी
ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र

04/10/23